हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 8 सितंबर 2025

06 अनंत चतुर्दशी पर देर रात तक निकला चल समारोह...



07 विदा किए गए विघ्नहर्ता गजानन श्रद्धालुओं...





### देव सागर तालाब और चौमा लखुंदर नदी पर श्रद्धालुओं ने किया प्रतिमाओं का विसर्जन

# अगले बरस तू जल्दी आ... के जयकारों और मंगल कामना के साथ बप्पा का विसर्जन किया







हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

गणेश चतुर्थी पर विघ्नहर्ता, मंगल मूर्ति गणेशजी की स्थापना मंगल कामना के साथ घर घर व सार्वजनिक स्थल पर कि गई थी। 10 दिन रिद्धि सिद्धि के दाता की विधि विधान से पूजन अर्चन के बाद शनिवार को अनंत चतुर्दशी पर भगवान गणेश की पूजन आरती कर विसर्जन किया गया। भाद्र शुक्ल चतुर्थी से गणेश पूजन आरंभ करके चतुर्दशी तिथि को गणपति के विसर्जन का विधान है। विनायक की विदाई बहुत ही आनंदपूर्वक और शुभ विधि विधान से करने की परंपरा रही है। प्राचीन परंपरा अनुसार रिद्धि सिद्धि के दाता गणेश जी की प्रतिमा हर घर में गणेश चतुर्थी को विराजित की जाती है अनंत चतुर्दशी को भाव से बप्पा का विर्सजन किया जाता है 10 दिनों तक घर घर विराजे गणेशजी जाते-जाते अपना आशीर्वाद बरसा के जाते हैं। गजानंद घर में शुभ और लाभ देकर जाए यही कामना कर भक्तो ने शनिवार को अनंत चतुर्दशी पर बाप्पा को ढोल नगाड़ों की थाप और ₹अगले बरस तू जल्दी आ₹ जैसे नारों के साथ विसर्जन किया।

#### नप ने संभाली विसर्जन की व्यवस्था

नगर से अधिकतर लोग गणपति जी विसर्जन हेतु देव सागर तालाब और चौमा लखुंदर नदी पर जाते हैं। देव सागर तालाब चौमा लखुंदर नदी पर पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए गणपति जी विसर्जन की व्यवस्था की गई थी। गणपति विसर्जन के लिए आए लोगों से गणपति जी की पूजन अर्चन करा कर नगर परिषद द्वारा बनाए गए पंडाल में गणपति जी की मूर्ति को एक जगह रखा लिया गया । लोगों द्वारा विसर्जन हेतु लाई गई प्रतिमा का नगर परिषद द्वारा पूजा पाठ कर विधि विधान से देव सागर तालाब में विसर्जन किया गया। नगर परिषद द्वारा देव सागर तालाब पर लाइट की व्यवस्था की गई। सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए देव सागर तालाब नदी आदि विसर्जन स्थलों पर पुलिस प्रशासन तथा नगर परिषद कर्मचारी उपस्थित थे।

### अनंत चतुर्दशी पर निकला चल समारोह, चलित झांकियों और अखाड़े के साथ हुआ बप्पा का विसर्जन



**कानड़।** दस दिवसीय गणेश महोत्सव का शनिवार को अनंत चतुर्दशी पर धूमधाम के साथ समापन हुआ। जिस जोश से गणेश चतुर्थी पर भगवान गणेश का स्वागत कर उनकी मूर्ति को जगह जगह विराजित किया था उसी उमंग के साथ बप्पा का विसर्जन किया गया।गणपति विसर्जन हेतु नगर के राजवाड़ा चौक से अखाड़े के साथ झांकियो का चल समारोह निकाला गया जिसमें नगर की गणेश उत्सव समितियों द्वारा भगवान गणेश की प्रतिमा को ट्राली और चलित वाहन में झाकियां सजाकर शामिल की गई। डीजे एवं नोबत ताषे की जोशीली ध्वनि के साथ झांकी नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए जुलुस देव सागर तालाब पहुंचा जहां विधि विधान से गणपति जी की प्रतिमाओं को विसर्जित किया गया।

**- झांकी में पहलवानों ने दिखाए करतब, युवतियों ने दिखाया शौर्य :** गणेश प्रतिमाओं की विसर्जन झांकी में रमादल अखाड़े के पहलवानों ने अपने करतब दिखाते हुए लाठी और मुकदल से प्रदर्शन किया तो वहीं बजरंगी अखाड़ा की नन्ही बालिकाओं और छोटो बच्चों द्वारा भी अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए अपने शोर्य का जलवा दिखाया। बजरंगी अखाड़े की युवतियों द्वारा जलती हुई लाठी को घुमाना, जलते हुए दो मुदल घूमना , सिर से कांच की ट्यूब तोड़ना जैसे करतब दिखाए वहीं छोटे-छोटे बच्चों द्वारा भी छोटी-तलवार घूमाकर कला का प्रदर्शन कर नगर में वाह वाही लूटी।









### तत्काल राहत राशि की मांग

# नलखेड़ा में पीला मोजेक से किसानों की सोयाबीन फसल खेतों में हो रही बर्बाद



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

सोयाबीन का कटोरा कहे जाने वाली नलखेड़ा तहसील में सोयाबीन फसल में पीला मोजेक नामक रोग से पचास प्रतिशत तक और एक विशेष वैरायटी की सोयाबीन अस्सी प्रतिशत तक बर्बाद हो चुकी है। शासन द्वारा प्रभावित फसलों का मौका मुआयना तो करवाया जा रहा है लेकिन किसानों को तत्काल राहत राशि की आवश्यकता है। तहसील क्षेत्र में सोयाबीन फसल में पीला मोजेक रोग तेजी से फैल चुका है और यह लगातार फैलता जा रहा है। किसानों के अनुसार सोयाबीन की 9560 नामक किस्म की फसल में यह अस्सी प्रतिशत तक फैल चुका है वही अन्य किस्मो की फसल में भी पचास प्रतिशत तक यह रोग फैल चुका है। ग्राम गुदरावन के अशोक पाटीदार, श्यामसुंदर पाटीदार ग्राम पनाला के भगवानसिंह गुर्जर, ग्राम धरोला के गोविंद, ग्राम मोल्याखेड़ी के संजय पाटीदार, ग्राम ताखला के वल्लभप्रसाद, ग्राम भैसोदा के गिरिराज, ग्राम सेमली के रामकरण, ग्राम ठिकरिया के दिलीप, ग्राम बांसखेड़ी के गोपाल, ग्राम दावतपुर के राजेन्द्र, ग्राम किलोना के धीरबसिंह, ग्राम लसुडिया के बाबूसिंह राजपूत, ग्राम सुईगांव के श्रीराम यादव, ग्राम इकलेरा के बनेसिंह, ग्राम पढ़ाना के करणसिंह आदि ने बताया कि किसान द्वारा सोयाबीन फसल के लिए लगाए गए बीज, कीटनाशक व मेहनत तक बर्बाद हो चुकी है। पीला मोजेक नामक रोग लगने से फसल में फली तो लगी लेकिन उनमें दाना नहीं आया और देखते ही देखते वह सूख गई।

#### बर्बादी का मंजर देख मायूस हुए किसान


किसानों ने बताया कि पीला मोजेक रोग ने किसानों को बर्बादी की स्थिति में लाकर खड़ा कर दिया है। सोयाबीन फसल की उम्मीद तो टूट ही गई है अब रबी फसल के लिए खाद बीज की व्यवस्था करना भी मुश्किल हो जाएगा। किसानों के अनुसार जिधर नजर डालो उधर खेतों में सोयाबीन सूखी हुई दिखाई दे रही है। ऐसा लग रहा है कि कुदरत ने थाली में आई रोटी छीन ली है। किसानों ने बताया कि कुछ ग्रामों में पीला मोजेक से प्रभावित फसलों का शासन द्वारा मौका मुआयना करवा कर पंचनामे बनवाये गए है उनका परिणाम ना जाने कब आएगा लेकिन आज किसानों की आर्थिक रूप से जो कमर टूटी है उसकी भरपाई के लिए तत्काल राहत राशि प्रदान किया जाना चाहिए जिससे किसान अपने खेतों में खराब हो चुकी सोयाबीन फसल को कटवाकर रबी फसल के लिए खाद व बीज का इंतजाम कर सके।

# दादा गुरुदेव जिनचंद्र सूरि की 412वीं स्वर्गारोहण जयंती पर पूजन-अर्चन कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

नलखेड़ा नगर की धरा पर पहली बार अकबर प्रतिबोधक चतुर्थ दादा जिनचन्द्रसूरि गुरुदेव की 412 वीं स्वर्गारोहण जयंति के अवसर पर दादा गुरूदेव पूजन कार्यक्रम के साथ जीवदया, अनुकंपा का आयोजन हो रहा है। जिसके अंतर्गत गौमाता की भक्ति ( आहार दान) का आयोजन भी होगा। जैन श्वेतांबर समाज में इस वर्ष चातुर्मास हेतु रत्ननिधि श्रीजी म.सा., पुण्यनिधि श्रीजी म.सा. आदि ठाणा - 5 जैन आराधना भवन हनुमान मंदिर पर विराजित है। महाराजश्री की पावन निश्रा व प्रेरणा से चातुर्मास के दौरान विभिन्न धर्म आराधनाएं, परमात्मा के कल्याणक, रथ यात्रा आदि धार्मिक आयोजन संपन्न हुए।

9 सितंबर को अकबर प्रतिबोधक चतुर्थ दादा जिनचन्द्रसूरि गुरुदेव की 412 वी स्वर्गारोहण जयंति निमित पूजा और जीवदया,अनुकंपा का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। मंगलवार को प्रातः 9 बजे से उपाश्रयजी मे दादा गुरुदेव पूजन का धार्मिक आयोजन विभिन्न लाभार्थी परिवारों द्वारा किया जाएगा। पूजन साध्वी मंडल के साथ हेम प्रभा महिला मंडल, चंद्रप्रभु बहु मंडल द्वारा संगीत कि स्वर लहरियों के साथ पढ़ाई जावेगी। पूजन उपरांत भाता के लाभार्थी अरविंदकुमार चिंतामण सिंघवी परिवार तथा विक्रम कुमार महेशचंद सकलेचा परिवार रहेगा। इस दिन की साधर्मिक भक्ति और प्रभावना के लाभार्थी पुखराज ताराचंद ठाकुरिया परिवार रहेगा।



गुरुदेव की जयंति के उपलक्ष्य में जीवमैत्री का संचार करते हुवे गौमाता की भक्ति (आहार दान) का आयोजन भी मंगलवार को किया जाएगा। इसमें नगर में घूम रही गौ माता के साथ गौशाला में जाकर गायों को लापसी व फल खिलाया जावेगा। 12 सितंबर शुक्रवार को कलियुग की जाग्रत ज्योत संकल्प सिद्धि दायिका माता पद्मावती की आराधना के साथ एकासने का कार्यक्रम होगा।

### समाज के प्रतिभावान बच्चों का किया सम्मान

**नलखेड़ा।** स्थानीय श्वेतांबर जैन समाज के बच्चे जिन्होंने बोर्ड परीक्षाओं में टॉप स्थान प्राप्त किया। इसी के साथ समकित पाठशाला 3 में स्थान प्राप्त करने वालों का बहुमान रविवार को किया गया। रविवार को जैन आराधना भवन में रत्न निधि म.सा. एवं पुण्यनिधि म.सा. की पावन निश्रा समाज के प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं जिन्होंने कक्षा पांचवी, आठवीं, दसवीं तथा 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में टॉप स्थान प्राप्त किया था। उनका बहुमान श्री संघ नलखेड़ा के साथ सागरमल बागमल तातेड़ परिवार द्वारा शील्ड प्रदान कर किया गया। इस अवसर पर जैन समाज की अग्रणी पाठशाला जिसके द्वारा पूरे देश में कई स्थानों पर जैन पाठशाला के माध्यम से जैन परीक्षाएं आयोजित की जाती हैं। ऐसी समकित पाठशाला 3 में स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों का बहुमान समकित ग्रुप मुंबई की ओर से किया गया साथ ही पयूषण पर्व के दिनों में आयोजित की गई अभक्ष पर बच्चों की प्रस्तुति पर भी बहुमान किया।

# मुख्य मार्गों पर बैठे रहते हैं गोवंश कलेक्टर के आदेश हुए हवा हवाई

**नलखेड़ा।** गत दिनों कलेक्टर द्वारा दिये गए आदेश कि हाइवे सहित अन्य प्रमुख मार्गों पर गोवंश नही रहे, हवा हवाई होता दिखाई दे रहा है क्योंकि नगर के आसपास के सभी प्रमुख मार्गों पर गोवंश बैठा रहता है जिससे आवागमन बाधित तो हो ही रहा है, दुर्घटनाएं भी हो रही है। गत दिनों कलेक्टर द्वारा आदेश दिए गए थे कि हाइवे सहित सभी प्रमुख मार्गों पर गोवंश नही रहना चाहिए। कही सड़क पर गोवंश है तो उन्हें गोशालाओं में भेजने की व्यवस्था की जाए। लेकिन उक्त आदेश का तहसील क्षेत्र में पालन होता दिखाई नही दे रहा है।

नगर के आसपास के प्रमुख मार्गों नलखेड़ा-मोहन बड़ोदिया नलखेड़ा-कानड़ नलखेड़ा-आमला नलखेड़ा-छापीहेड़ा नलखेड़ा-जीरापुर मार्गो की सड़कों पर बहुतायात में गोवंश बैठा दिखाई दे रहा है। चूंकि नलखेड़ा नगर में विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां बगलामुखी का मंदिर स्थित है जहाँ प्रतिदिन सैकड़ो चौपहिया वाहनों से दर्शनार्थी आते व जाते है। ऐसे में नगर को जोड़ने वाले इन मार्गो पर गोवंश के बैठे रहने से यातायात बुरी तरह प्रभावित तो हो ही रहा है आये दिन दुर्घटनाएं भी हो रही है। लगभग 14 दिन बाद शारदीय नवरात्रि महापर्व प्रारम्भ होने वाला है। इस महापर्व के दौरान प्रतिदिन हजारों की संख्या में चौपहिया वाहनों का आवागमन होगा। ऐसे में वाहन चालकों को कोई परेशानी नहीं हो प्रशासन को गोवंश को गोशालाओं में भेजा जाना चाहिए।



# दिगंबर जैन समाज ने की पर्युषण पर्व पर अंतिम दिन उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म की पूजा





हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

दिगंबर जैन समाज के चल रहे पर्युषण पर्व के अंतिम दिन मंगलवार को उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म की पूजा हुई। पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर छावनी, सिटी मंदिर और कालोनी स्थित मंदिर में श्रीजी का अभिषेक शांति धारा के साथ ही पूजन हुआ और वासुपूज्य भगवान का मोक्ष कल्याणक होने से निर्वाण लाडू चढाया गया।

पर्युषण पर्व के अंतिम दिन छावनी मंदिर में शांति धारा के लाभार्थी राजेश जैन आदीश जैन यश जैन सावला परिवार आगर वाले एवं लोकेंद्र जैन अरिहंत जैन आरव जैन परिवार रहे एवं निर्माण लाडू चढ़ाने के लाभार्थी श्री दिगंबर जैन भक्तामर महिला मंडल कानड़ चौमा रहा।

**अनंत चतुर्दशी पर निकला चल समारोहः** अनंत चतुर्दशी पर्युषण पर्व के अंतिम दिन अनंत चतुर्दशी पर दोपहर में 4 बजे पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर छावनी में श्री जी के अभिषेक हुए अनंत चतुर्दशी के कलश के लाभार्थी महेश जैन मुकेश जैन परिवार कानड़ और दूसरे कलश के लाभार्थी संतोष जैन कमलेश जैन सांवला परिवार कानड़ ने बोली के माध्यम से प्राप्त किया जहां दोनों परिवारों द्वारा भगवान के अभिषेक किये। इसके पश्चात पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर छावनी से चल समारोह के रूप में कलश यात्रा निकाली गई जो बैंड बाजों के साथ शहर के सिटी मंदिर में पहुंची वहां पर अनंत चतुर्दशी के कलश श्रीजी पर हुए एवं रात्रि में छावनी मंदिर में महाआरती का आयोजन हुआ। जानकारी दिनेश जैन ने दी। समाजजन द्वारा पर्व के अंतिम दिन उपवास, एकासना रखा।

### दशलक्षण महापर्व के अंतिम दिवस उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म पर प्रवचन

# ब्रह्मचर्य व्यक्ति त्रिलोक पूज्य होता है : मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

मानव संसारी सुखों को ही सुख मान लेता है, लेकिन सुख हमारी आत्मा में है। पर वस्तु में सुख नहीं है, पर द्रव्यों में सुख मान कर हम दुःखी हैं। आत्मा में चर्या करना यहां ब्रह्मचर्य धर्म है। जो धर्म के मार्ग पर अग्रसर होता है वहां भव पार कर लेता है। ब्रह्मचर्य व्यक्ति त्रिलोक पूज्य होता है। दिगंबर जैन समाज में चल रहे दशलक्षण महापर्व के अंतिम दिवस उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म पर प्रकाश डालते हुए मुनि विवर्धन सागर महाराज व मुनि विश्व नायक महाराज ने यह बात समाज जनों के समक्ष कही गई। मुनिश्री ने कहाकि आत्मा के स्वभाव में लीन होना ब्रह्मचर्य धर्म है।

आत्मा के अनंत गुणों में चर्या करना ब्रह्मचर्य है। विभाव में परिणित रहना संसार भ्रमण का कारण है। जो धर्म के मार्ग पर अग्रसर होता है वहां भव पार कर लेता है। पर पुरुष, पर स्त्री को गलत दृष्टि से नहीं देखना व्यवहार में ब्रह्मचर्य धर्म है। स्त्रियों से संबंधित कथाओं से दूर रहना माता, बेटी, बहन की कल्पना करना ही ब्रह्मचर्य धर्म है। ब्रह्मचर्य व्यक्ति त्रिलोक पूज्य होता है। उन्होंने कहा कि ब्रह्मचारी की महिमा अनंत है। जो व्यक्ति निर्मल भावों को धारण करता है और पर पुरुष, पर स्त्री के प्रति गलत विचार नहीं लाता है। वह जगत पूज्य हो जाता है।



मुनिश्री ने कहा कि मानव को स्वदारा (स्वयं की पत्नी) संतोषी होना चाहिए। अपने शरीर का श्रृंगार नहीं करना चाहिए। पूर्व में भोगे हुए भोगों का स्मरण नहीं करना चाहिए। हम संसारी सुखों को ही सुख मान लेते हैं लेकिन सुख हमारी आत्मा में है। पर वस्तु में सुख नहीं है, पर द्रव्यों में सुख मान कर हम दुःखी हैं। जिसने आत्मा के सुख को न माना, वह स्त्री, बच्चों में सुख मान रहा है। इसीलिए संसार में भटक कर दुःखी है। उन्होंने कहाकि जितना - जितना अपनी आत्मा के पास आओगे, उतना - उतना धर्म के पास आओगे। मुनिश्री ने कहाकि वस्तु का स्वभाव ही धर्म है, हम उस स्वभाव को जान नहीं पाते है। हमें उस स्वभाव को जानना चाहिए। हमें जीवन में सदैव निर्मल भाव रखना चाहिए। धर्म को धारण करने का प्रयास करना चाहिए। आत्मा का स्वभाव निर्मल होता है, मन पवित्र होगा तो तन भी पवित्र होगा।

सीता के हरण होने पर राम, लक्ष्मण उन्हें जंगल में खोजते हैं। इष्ट का वियोग होने पर राम पर्वत, पहाड़, नदी, झरने से सीता के बारे में पूछते हैं। उसी समय सीता का हार दिखाई देता है राम लक्ष्मण से पूछते हैं कि लक्ष्मण क्या यह हार सीता का है। लक्ष्मण कहते हैं मैंने कभी माता सीता का यह हार नहीं देखा।फिर सीता के पायल (पायजेब) मिलते हैं, राम लक्ष्मण से पायल के बारे में पूछते हैं। लक्ष्मण कहते हैं हाँ भ्राता यह पायजेब माता सीता के हैं। क्योंकि लक्ष्मण ने कभी माता सीता के चरणों के अलावा किसी को नहीं पूजा था। उन्होंने कहा कि पर स्त्री, पर पुरुष के प्रति आसक्ति अब्रह्म है। एक बार स्त्री से संसर्ग से 9 कोटी जीवों की हिंसा होती है। सुकरात ने कहा था कि अगर कोई पुरुष एक माह में एक बार से अधिक संसर्ग करता है तो उसको अपने सिर पर कफन बांध लेना चाहिए क्योंकि उसकी मृत्यु कभी भी आ सकती है। भोगों के न मिलने पर वह पुरुष या स्त्री व्यथित रहते हैं।

मुनिश्री ने कहाकि अब्रह्मचर्य में हमें सुख दिखाई देता है, लेकिन वह दुःख है। जैसे कुत्ता हड्डी चबाने पर अपने खून के स्वाद से सुखी होता है। उसी प्रकार भोगी, कामी व्यक्ति की स्थिति है। वास्तविक सुख धर्म में है। घर गृहस्थी के चक्कर से दूर रहकर हमें धर्म धारण करना चाहिए। पांच तीर्थंकर बाल ब्रह्मचारी हुए हैं। उन्हें पंच बालपथि कहते हैं।

**खबर संक्षेप**

## पूर्व विधायक देवड़ा की मनाई जन्म जयंती



**चापडा।** बागली विधानसभा के पुर्व विधायक स्व. चंपालाल देवड़ा की जन्म जयंती रविवार को मनाई गई। देवडा बागली विधानसभा से दो बार विधायक रहे हैं। स्व. चंपालाल देवडा की जन्म जयंती सामुदायिक कल्याण आश्रम शाला उदयनगर में शिक्षक परिवार द्वारा मनाई गई। इस दौरान देवड़ा परिवार के सदस्य गण उनकी पत्नी शारदा देवड़ा, पुत्र कान्हा देवड़ा, खुशी देवडा आदि सम्मिलित हुए। शिक्षकों ने देवड़ा के परिवारजनों स्वागत किया।

## आनंद मेले के साथ गणेश उत्सव का समापन

**देवास।** सिविल लाइन स्थित आदर्श कॉलोनी विनायक परिसर में भव्य आनंद मेले के आयोजन के साथ 10 दिवसीय रंगारंग गणेश उत्सव का समापन हुआ। मेले का उद्घाटन सिविल लाइन थाना प्रभारी हितेश पाटिल ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने समिति सदस्यों द्वारा किए गए सफल आयोजन की सराहना करते हुए मेले के शुभारंभ की घोषणा की। मेले में आए अतिथियों एवं नागरिकों ने विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया। बच्चों द्वारा लगाए गए मनोरंजक गेम स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहे, जिनका आनंद सभी मेहमानों ने उठाया। मेले से वातावरण उत्साह और उमंग से सराबोर हो उठा।

## प्रश्न मंच में परखा अपना सामान्य ज्ञान

**देवास।** श्री गणेश शो कार्यक्रम में प्रश्न मंच का कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें उपस्थित श्रोताओं ने अपने सामान्य ज्ञान को परखा। कार्यक्रम संचालक मंदार मुळे और पल्लवी मुळे ने इतिहास, विज्ञान ,चिकित्सा, क्रीड़ा, सिनेमा, अध्यात्म, श्री गणेश जी आदि से संबंधित प्रश्न पूछे ।सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र भी तुरंत वितरित किए गए। मुख्य अतिथि डॉक्टर प्रशांत वडगबालकर और डॉक्टर अजय गूजर (दोनों अमलतास हॉस्पिटल) ने भी प्रश्न पूछ कर जागरूक रहने की सलाह दी।

### शहर के मुख्य मार्गों से होता हुआ चल समारोह पहुंचा विसर्जन स्थल कालूखेड़ी तालाब, बप्पा को दी विदाई

# अनंत चतुर्दशी पर देर रात तक निकला चल समारोह, कई आकर्षक झांकियां हुईं शामिल, कलाकारों ने दिखाए करतब





चल समारोह मार्ग पर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस ने एएसपी भदौरिया के नेतृत्व में संभाला मोर्चा, राजस्व अधिकारी और निगम अमले ने संभाली व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर में अनंत चतुर्दशी शनिवार रात झांकियां को निहारने सड़कों पर भारी भीड़ नजर आई। चल समारोह मार्ग पर हजारों की संख्या में लोग जुटे। देर रात तक युवाओं समेत महिलाओं, बच्चों ने झांकियों के साथ भगवान गणेश की प्रतिमाओं के दर्शन किए। पूरे झांकी मार्ग पर शहर के सभी थानों के टीआई स्टाफ सहित मौजूद रहे। एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन ने मोर्चा संभाला। पुलिस प्रशासन के अलावा राजस्व अधिकारी और नगर निगम का अमला भी चल समारोह की व्यवस्था बनाए रखने मौजूद रहें। शनिवार देर शाम सयाजी गेट से शुरू हुआ चल समारोह शहर के मुख्य मार्गों से गुजरकर भोपाल चौराहे से होते हुए विसर्जन स्थल कालूखेड़ी तालाब पहुंचा। लोगों ने मंच लगाकर झांकियों का जगह-जगह स्वागत किया।

### देर रात तक जारी रहा चल समारोह

अनंत चतुर्दशी के अवसर पर भगवान गणेश की प्रतिमाओं का विशाल चल समारोह शहर में निकाला गया। चल समारोह रात 9 बजे से शुरू होकर अल सुबह तक चला। इस दौरान शहर के प्रमुख मार्गों पर झिलमिलाती झांकियों का कारवां निकला। चल समारोह में बीएनपी और नगर निगम झांकियों सहित 40 से




ज्यादा गणेश प्रतिमाएं शामिल हुई। बीएनपी की झांकी में मूषक राज के साथ भगवान गणेश की वंदना का दृश्य प्रस्तुत किया गया। नगर निगम की झांकियों के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान अखाड़ों के कलाकारों ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया। अलग-अलग स्वागत मंचों पर भगवान गणेश की प्रतिमाओं और आकर्षक झांकियों का उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया।

### कालूखेड़ी तालाब पर हुआ विसर्जन

शहर के मुख्य मार्गों से गुजरने के बाद चल समारोह बप्पा को विदाई देने विसर्जन स्थल कालूखेड़ी तालाब पर पहुंचा। सुरक्षा व्यवस्था के लिए मार्ग पर जगह-जगह पुलिस बल तैनात रहा। रविवार अल सुबह तक कालुखेड़ी स्थित तालाब पर बड़ी प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। नगर निगम ने



विसर्जन प्रक्रिया के लिए दो बड़ी क्रेन की व्यवस्था की। विसर्जन स्थल पर व्यवस्था हेतु पुलिस, राजस्व और नगर निगम की टीमें मौजूद रही।

### निगम ने निकाली आकर्षक झांकी

दस दिवसीय गणेशोत्सव के अंतिम दिवस शनिवार को अनंत चतुर्दशी के अवसर पर नगर निगम कार्यालय मे विराजित भगवान श्री गणेश की विधि विधान से महाआरती सभापति रवि जैन के नेतृत्व में निगम स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष व गणेशोत्सव समिति अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह बैस, निगम लोक निर्माण समिति अध्यक्ष व गणेशोत्सव समिति उपाध्यक्ष गणेश पटेल, पार्षद राहूल दायमा, महेश फुलेरी, भूपेश ठाकुर, सोनू परमार, पार्षद प्रतिनिधि बाबु यादव, निगम सहायक यंत्री सौरभ त्रिपाठी, स्वास्थ्य अधिकारी जितेन्द्र सिसोदिया के साथ की गई। इसके पश्चात शहर में निकाले जाने वाले चल समारोह में निगम की आकर्षक झांकी सम्मिलित हुई। चल समारोह में निगम विराजित गणेश प्रतिमा ने भी शहर का भ्रमण किया। निगम ने अपनी झांकी में स्वच्छता का संदेश दिया। निगम पूरे देश में स्वच्छता में मिले राष्ट्रपति पुरस्कार की श्रेणी में प्रथम आने पर पुरस्कार का राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा के साथ स्वच्छता संदेश का रथ एवं 2 नयनाभिराम झांकी को शहर के नागरिकों को देखने हेतु निगम परिसर से रवाना किया गया। जिसमे "काशी के कोतवाल भगवान श्री काल भैरव" एवं दुसरी झांकी मे "नंद बाबा कन्हैया को यमुना" पार कराते हुए प्रसंगों पर आधारित झांकी निकाली गई। इस अवसर पर निगम कार्यालय अधिक्षक अशोक देशमुख, राजस्व अधिकारी राम ठाकुर, उपयंत्री श्याम सुन्दर रघुवंशी, सुर्यप्रकाश तिवारी, प्रतिक शर्मा, विकास शर्मा, उमेश चतुर्वेदी, अरूण तोमर, ताराचंद चौधरी, शैलेन्द्रसिह परिहार, कैलाश नायक, विशाल शर्मा, शंकर सांगते आदि सहित निगम कर्मचारी उपस्थित रहे।

## चंद्रग्रहण के कारण शहर के मंदिरों के पट रहे बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



रविवार को दोपहर 12.57 बजे से शुरू हुए चंद्रग्रहण के कारण देवास में धर्म और अध्यात्म का केंद्र बने सभी मंदिरों के कपाट बंद कर दिए गए। यह स्थिति कल यानी सोमवार सुबह तक बनी रहेगी, जब ग्रहण समाप्त होने के बाद मंदिरों को शुद्ध कर भक्तों के लिए फिर से खोला जाएगा। इस दौरान, माता टेकरी पर स्थित प्रसिद्ध देवी मंदिर, एमजी रोड का खेड़ापति मारुती मंदिर, जवेरी श्री राम मंदिर, मक्सी रोड बिलावली स्थित श्री महांकालेश्वर मंदिर और लाल गेट के राजा सिद्धी विनायक मंदिर जैसे प्रमुख धार्मिक स्थलों पर भक्तों की भीड़ के बजाय एक गहरी शांति और सूनापन पसरा हुआ है।पुजारी अनुसार, धार्मिक मान्यताओं में चंद्रग्रहण के दौरान किसी भी तरह के पूजन और भगवान के दर्शन को वर्जित माना गया है। इसलिए, ग्रहण के नकारात्मक प्रभाव से बचने के लिए मंदिरों के पट बंद कर दिए जाते हैं। यह परंपरा सदियों से चली आ रही है और इसे पूरी श्रद्धा के साथ निभाया जाता है। पट बंद होने से पहले, खेड़ापति मारुती मंदिर में हनुमान जी की विशेष आरती की गई, जिसमें भक्तों ने भावुक होकर अंतिम दर्शन किए। आरती के बाद मंदिर के कपाट बंद कर दिए गए, जिससे भक्तों को सोमवार सुबह तक इंतजार करना पड़ेगा। शहर के सभी मंदिरों में सोमवार सुबह ग्रहण की समाप्ति के बाद साफ-सफाई और शुद्धिकरण का कार्य किया जाएगा। इसके बाद ही मंदिरों के पट भक्तों के लिए खोले जाएंगे। अनुमान है कि ग्रहण के बाद दर्शन करने के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ेगी, क्योंकि ग्रहण काल के बाद के दर्शन को विशेष फलदायी माना जाता है। इस दौरान, देवास के लोग अपने घरों में ही पूजा-पाठ कर रहे हैं और ग्रहण के नियमों का पालन कर रहे हैं।

## गुर्जर गौड ब्राह्मण समाज के शिक्षक, शिक्षिकाओं को महर्षि सांदीपनि सम्मान से किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



गुर्जर गौड ब्राह्मण समाज की नगर सभा एवं महर्षि गौतम सेवा ट्रस्ट द्वारा शिक्षक दिवस के उपलक्ष पर राष्ट्रीय सम्मान से विभूषित शिक्षक एवं राष्ट्रीय कवि देवकृष्ण व्यास के मुख्य आतिथ्य एवं अ. भा. गुर्जर गौड ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एम एम मोदी की अध्यक्षता में समाज के 70 से अधिक शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को सम्मान पत्र एवं मोमेंटो भेंट करके सम्मान किया ।समारोह में सर्वप्रथम नगर सभा अध्यक्ष संतोष दुबे, ट्रस्ट अध्यक्ष एम एम दुबे, महिला सभा अध्यक्ष अनुपमा पाठक, सांस्कृतिक मंत्री रवि व्यास, अमित पंडित एवं आदित्य व्यास ने राष्ट्र के गौरवशाली शिक्षक देवकृष्ण व्यास का शाल श्रीफल एवं सम्मान पत्र से सम्मान किया । अ. भा. महासभा के संगठन महामंत्री नवीन दुबे ने स्वागत भाषण से समाज की गतिविधि पर प्रकाश डाला। देवकृष्ण व्यास ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज के दौर हर शिक्षक को चाणक्य बनाना होगा शिक्षक अपने लिए नहीं राष्ट्र के लिए ही समर्पित रहा है।

वरिष्ठ शिक्षक सुंदरलाल शर्मा ने शिक्षक की भूमिका पर मार्मिक उद्बोधन दिया। इस अवसर पर समाज के संतोष त्रिवेदी, संतोष जोशी, गिरधर शर्मा, संजय द्विवेदी, राजेंद्र दुबे, संजय शर्मा, संजय अभिषेक उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे । कार्यक्रम का संचालन चेतन उपाध्याय ने किया आभार डॉ. संजय तिवारी ने माना।

### बाबा भवॅरनाथ मंदिर प्रागंण में पूर्णिमा पर हुआ सामूहिक पिंडदान

# पितरों की सेवा बिना दानवीर कर्ण को भी नहीं मिली स्वर्ग में जगहः जोशी






हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

नगर में बाबा भवॅरनाथ मंदिर प्रागंण में श्राद्घ पक्ष के दौरान अपने पूर्वजो को याद कर सर्व समाज के लोगो ने सामूहिक पिंडदान किया। यह पिंडदान अपने पूर्वजो की आत्माओ की शांति के लिए 3, 5 या 7 वर्ष में अपनी श्रृद्वा अनुसार किया जाता है, माना जाता है कि व्यक्ति को अपने पूर्वजो के प्रति आस्था एंव संस्कृति के अनूरूप यह कार्य करना पड़ता है। पुरानी मान्यताओ व परम्पराओ के अनुसार श्राद्ध पक्ष में अपने पितृो की याद में 16 दिन तक धूप ध्यान पूजन पाठ करते हैं। ऐसा उन्हें प्रसन्न करने के लिए किया जाता है। मान्यता रखते है की उनके पूर्वज प्रसन्न होकर उन पर दया दृष्टी बनाए रखेंगे।

इसी क्रम में एक पुरानी मान्यता बताते हुए पंडित मनोज जोशी ने बताया कि जब दानवीर कर्ण की मृत्यु हुई थी तो उन्हें नर्क लोक भेजा गया था तब उनके द्वारा भगवान से पूछा गया था कि मैंने मेरी जिंदगी भर दान किया है मुझसे बड़ा दानवीर धरती पर कोई नहीं हुआ, फिर भी मुझे नरक लोक क्यों भेजा गया। तब भगवान ने उन्हें बताया था कि तूने तेरी जिंदगी में सभी को दान दिया है सभी की सेवा की है परंतु तूने अपने पितरों की सेवा नहीं की ना उनका पूजन किया ना उनको दान दिया इसी के चलते आज नरक लोक में स्थान मिला है। तब भगवान के द्वारा कर्ण को धरती पर वापस भेजा गया व 16 दिन कर्ण के द्वारा पूर्वजों की सेवा करने के साथ दान पूर्ण किया गया तब जाकर कर्ण को मुक्ति मिली।

यह कथा श्राद्ध का महत्व बखूबी बताती है पुराने लोगो के अनुसार पितृ पक्ष के इन 16 दिनो में शुभ कार्य नही किए जाते ।अपने अपने अनुसार इन दिनो में लोगो द्वारा अपने घरो में ब्राह्मणो को भोज कराया कराया जाता है व ब्राम्हणों को अपनी श्रृद्वा अनुसार दक्षिणा देकर उनसे आशीर्वाद लिया जाता है। भौरासा नगर परिषद अध्यक्ष एव नगर परसाई संजय जोशी का कहना है की बाबा भवॅरनाथ मंदिर पर यह कार्य इसलिए भी किया जाता है की यहा पर कई प्रकार का संगम है जैसे बाबा भवॅरनाथ महाराज की जीवित समाधि, प्राचीन पीपल व बढ़ का वृक्ष, रानी दमयंति तालाब एंव पास स्थित अति प्राचीन कुंण्ड आदि का विशेष संगम होने की वजह से यहा हर साल श्राद्ध पक्ष की पूर्णिमा पर यहां पित्रों को तर्पण का कार्य किया जाता हैं। पूजन पश्चात पास स्थित रानी दमयंति तालाब में पित्रो को पारम्परिक अनुष्ठान करने के पश्चात तर्पण किया जाता हैं। संजय जोशी नगर परिषद अध्यक्ष बनने के बाद भी अपना कर्म नहीं भूले वे अपना कर्म आज भी निभा रहे हैं।

## श्री औदुंबर रामायण मंडल ने रामनगर में किया सुंदरकांड



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

श्री औदुंबर रामायण मंडल देवास द्वारा विधि विधान के साथ निःशुल्क संगीत मय सुंदरकांड का पाठ रामायण मंडल के अध्यक्ष डीके जोशी एवं राम भक्तों द्वारा किया गया।अभिषेक जोशी ने बताया कि रामेश्वर धाम मंदिर रामनगर में सुंदरकांड का पाठ किया। सुंदरकांड का पाठ सभी अनिष्ट का निवारण करने वाला है। सर्वप्रथम भगवान का पूजन कर ध्वज का पूजन किया गया एवं रामायण मंडल के अध्यक्ष तथा सभी सदस्यों का स्वागत डॉ. बसंत सारस्वत द्वारा किया गया। सुंदरकांड पाठ के पश्चात सुंदर भजनों ने सभी भक्तों का मन मोह लिया। आरती कर राम श्री राम रक्षा स्त्रोत पुस्तक का वितरण किया गया। रामायण मंडल द्वारा इस अवसर पर रामायण मंडल के अभिषेक डी के जोशी, सुभाष जोशी, स्वप्निल चौधरी, एडवोकेट गोवर्धन सिंह ठाकुर, जगदीश श्रीनिवास, मोनू ठाकुर, मंदिर के पुजारी संजय दुबे एवं सुंदरकांड में पधारे कॉलोनी के डॉ. बसंत सारस्वत, डॉ. आरसी शर्मा, डॉ. त्यागी, डॉ. वर्मा, लक्ष्मी नारायण रंगा, पीके शर्मा, महेंद्र नागर, बृजेश दुबे, रिटायर्ड डीएसपी फूलसिंह रघुवंशी, मोहन जोशी, रवि गुप्ता, महेंद्र पंड्या, के.के. गौर एवं कॉलोनी के नागरिक एवं राम भक्त उपस्थित रहे। सभी भक्तों ने बड़ी श्रद्धा के साथ सुंदरकांड का पाठ का श्रवण किया।

**खबर संक्षेप**



## घुसयाना में हुआ कैडर कैम्प का आयोजन

**ललितपुर।** निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल निषाद पार्टी के एक दिवसीय कैडर कैम्प का आयोजन जिला महासचिव मुकेश रैकवार के घर के पास शिक्षण प्रशिक्षण किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष महेश रैकवार हरपुरा ने की। मौके पर एक दर्जन से अधिक लोगों ने निषाद पार्टी की सदस्यता ग्रहण ककर शपथ ली कि सभी तन मन धन से निषाद पार्टी के साथ रहकर काम करेंगे सभी चुनाव में लड़ाई लड़कर अपने पार्टी प्रत्याशी को जिताकर अपनी मछुआ समाज का हक हिस्सा मान सम्मान लेंगे, जिसमें सैकड़ों की संख्या में निषाद पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता महिलाएं व समाज बंधु उपस्थित रहे।



## अंताक्षरी प्रतियोगिता में अरिहंत टीम रही विजेता

**ललितपुर।** श्रीस्याद्वाद वर्धमान सेवा संघ के तत्वावधान में श्रीआदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में भव्य अंताक्षरी एवं 1 मिनट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शुभारंभ जैन पंचायत से डा.अक्षय जैन, आकाश जैन, सनत जैन, सौरभ जैन, मोदी पंकज जैन, अशोक जैन, राजेंद्र, पूर्व पार्षद अनुराग जैन शैलू, संजीव जैन ममता स्पोर्ट्स, राकेश जैन ने आचार्यश्री के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन किया। इसके बाद अरिहंत ग्रुप, सिद्ध ग्रुप, आचार्य ग्रुप, उपाध्याय ग्रुप, साधु ग्रुप द्वारा भव्य अंताक्षरी प्रतियोगिता विभिन्न चक्र में संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में दिलीप, वैभव जैन, अभिषेक खजुरिया रहे। इस प्रतियोगिता में अरिहंत ग्रुप की योषिता जैन, गौरी जैन, आरोही जैन, अंशिका जैन प्रथम स्थान पर रही, द्वितीय स्थान पर आचार्य ग्रुप की प्रज्ञा जैन, सोनल जैन, रूही अप्सरा, निकिता जैन रही। तृतीय स्थान पर सिद्ध ग्रुप की टीम रही। इसमें नीतू जैन, रश्मि जैन, गरिमा जैन, अमोल जैन, रहीम। वहीं एक मिनट प्रतियोगिता में पार्षद आलोक मयूर ने दीप प्रज्ज्वलन किया। विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। इस दौरान सत्येंद्र गदयाना ने कहा कि संस्था सन 1983 से देव शास्त्र गुरु व समाज सेवा में समर्पित भाव से कार्य कर रही है। मौके पर कैप्टन राजकुमार जैन, महेंद्र सिंघई, पारस, संजय, अंशुल जैन, अंकित, हर्ष जैन, पीयूष जैन, नितेंद्र पिंकू, अनुज जैन, दीपक जैन, विकास जैन, शशांक, दीपक, आलोक, नीलेश, यशदीप जैन, अनिकेत जैन, कुन्नू आर्यन, नमन का विशेष योगदान रहा। संचालन हर्ष जैन व पीयूष जैन ने किया।

## समिति जनपद में करेगी 2 दिवसीय भ्रमण

**ललितपुर।** एडीएम अंकुर श्रीवास्तव ने अवगत कराया है कि उ.प्र.के विजन डॉक्यूमेंट के निर्माण की दिशा में विकसित उत्तर प्रदेश-समर्थ उत्तर प्रदेश 2047 अभियान के संबंध में प्रबुद्धजनों की गठित समिति 8 एवं 9 सितंबर को जनपद का दो दिवसीय भ्रमण करेगी, जिसके लिए मिनट टू मिनट कार्यक्रम जारी किया गया है और जिला स्तरीय अधिकारियों को दायित्व दिए गए हैं। कार्यक्रम के अनुसार समिति नोडल अधिकारी व जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ विचार विमर्श करेगी, शिक्षा सत्र व शिक्षा संवाद, कृषि तकनीकी, पशुधन संरक्षण समीक्षा, ग्रामीण विकास आकलन, स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण, पर्यटन स्थलों का निरीक्षण, विभिन्न वर्गों के प्रबुद्ध व्यक्तियों के साथ बैठक, व्यवसाय तथा उद्यमियों के साथ विचार विमर्श, महिला समूह एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के साथ विचार विमर्श, मीडिया कर्मियों एवं विभिन्न विधाओं में ख्याति प्राप्त बुद्धिजीवियों के साथ संवाद करेगी। जनमानस से सुझाव आमंत्रित करने के लिए क्यू.आर. कोड भी जारी किया गया है। इस कोड को स्कैन करके समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश 2047 के संबंध में अपने अमूल्य सुझाव देकर सर्टिफिकेट डाउनलोड कर सकते हैं।

### भक्ति भाव से गणपति महोत्सव पूर्ण हुआ, अगले बरस तू जल्दी आ की कामना की

# विदा किए गए विघ्नहर्ता गजानन श्रद्धालुओं के नेत्रों से बही अश्रु धारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

भक्ति भाव से गणपति महोत्सव पूर्ण हुआ और उसके बाद अगले बरस तू जल्दी आ की कामना के साथ गणपति विसर्जन भी धूमधाम से किया गया। यह गणपति महोत्सव गणेश चौथ से लेकर अनंत चतुर्दशी तक चला। गणपतिजी की शोभायात्रा तुवन मंदिर चौराहा, घंटाघर, शनिचरा चौराहा, आजाद चौक से होते हुए शहजाद नदी से होते हुए पुराना सागर रोड पर शोभायात्रा का भक्तों ने भव्य स्वागत किया। ततपश्चात गोविन्द सागर बांध में विसर्जन किया गया। शोभायात्रा में भगवान के विभिन्न स्वरूपों की मनमोहक झांकियां थीं, ढोल नगाड़ों की थाप पर सुन्दर नृत्य करते भक्तों ने रंग गुलाल की जम कर होली खेलते शोभायात्रा निकलते विसर्जन के लिये पहुँचे। विसर्जन स्थल पर हजारों भक्त मौजूद रहे।

वहां पर भगवान श्री गणेश की विधिवत तरीके से पूजा अर्चना आरती की गई और उसके बाद उन्हें कुंड में विसर्जित कर दिया गया। विसर्जन के समय लोगों की जुबान पर एक ही शब्द था कि हे भगवान गणेश अगले बरस तू जल्दी आ। एक दिन पूर्व से ही श्रद्धालु गणेश पंडालों व घरों में हवन पूजन में लगे हुये थे। उसके बाद गणेश की मूर्ति को लेकर गोविंद सागर बांध की तलहटी में पहुंचे जहां पर जिला प्रशासन के निर्देश पर नगर पालिका द्वारा गणेश विसर्जन के लिए एक अलग कुंड बनाया गया था। जिसमें गणपति विसर्जन किया गया। गणपति विसर्जन के मौके पर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन द्वारा व्यवस्था चाक-चौबंद बनाई गई हैं सुरक्षा की दृष्टि से शहर और बांध पर भारी सुरक्षा बल तैनात किया गया। जिससे कोई अप्रिय घटना न कर सके। पुलिस बल के साथ महिला पुलिस बल भी लगाया गया है।





**गणेश विसर्जन के दौरान भक्तिमय माहौल रहा**

*कस्बा बार में गणेश विसर्जन के दौरान भक्तिमय माहौल रहा। कस्बे में मुख्य रूप से तीन स्थानों पर गणेश पंडाल सजाए गए थे। इसके अलावा कई लोगों ने अपने घरों में भी गणेश प्रतिमाएं स्थापित की थीं। विसर्जन के दौरान श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुनों पर रंग-गुलाल उड़ाते हुए चले। बक्ष सागर में भक्तों ने भावुक होकर बप्पा को विदाई दी। थाना प्रभारी अजमेर सिंह भदौरिया ने बताया क्री सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए कस्बे सहित आसपास के गांवों में नदी और तालाब के किनारों पर पुलिस बल तैनात किया गया है।*

**विसर्जन पर जुलूस निकाला गया**

*कस्बा मड़ावरा सहित क्षेत्र में धर्म की बहार वाही। प्रथम पूज्य भगवान श्री गणपति महराज की सुंदर झांकियां का दरबार शाला जी मंदिर मड़ावरा मोती महराज रनगांव सादूमल समेत घरों में विराजमान रहे। दस दिनों से कस्बा समेत क्षेत्र में पंडालों में विराजमान प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश महोत्सव जी के कार्यक्रम की धूम रही।पंडालों में विराजमान भगवान के जयघोषों से क्षेत्र धर्ममय हो गया। शनिवार को कस्बा मड़ावरा समेत क्षेत्र में विधिनपूर्वक पूजा अर्चना के बाद कस्बा में भक्त महिला पुरुषों द्वारा डीजे की धुनों पर प्रथम पूज्य की सुंदर सजी झांकियों के भक्ति में लीन जयकारों के उदघोष के विसर्जन पर जुलूस निकाला गया। डीजे की धुनों पर भक्त जयकारों के घोष के साथ थिरकते नजर आये।कस्बा में भगवान की शोभायात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया। जयकारों के साथ कस्बा से होते हुये रोहणी बांध में भगवान को नम आँखों से विदाई दी गई।और अगले वर्ष तू जल्दी आने का उदघोष के महाआरती कर विसर्जन किया गया।वही उपजिलाधिकारी शैलेंद्र चौधरी सीओ केके मिश्र के निर्देशन में कोतवाल प्रभारी अशोक कुमार वर्मा ने पुलिस फोर्स कस्बे के साथ साथ विसर्जन स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किये।*

### जनपद को मिले 10 अनुदेशक

## नियुक्ति पत्र पाकर नव नियुक्त अनुदेशकों के खिल गए चेहरे



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ द्वारा वर्ष 2025 में घोषित अंतिम परिणामों में विभिन्न व्यवसाय के लिए नवचयनित प्रदेश के 1,510 अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का शुभारम्भ मा० मुख्यमंत्री जी के कर कमलों द्वारा लोक भवन स्थित ऑडिटोरियम में किया, जिसके क्रम में जनपद के 10 नवनियुक्त अनुदेशकों को राज्यमंत्री श्रम एवं सेवायोजन विभाग उप्र मनोहर लाल पंथ, मा. सादर विधायक रामरतन कुशवाहा एवं जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन की गरिमामय उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। नियुक्ति पत्र पाकर नवनियुक्त अनुदेशकों के चेहरे खिल उठे और सभी ने अपने भाव प्रकट करते हुए निष्पक्ष और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के लिए मा. मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में लोक भवन लखनऊ से आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में दिखाया गया। कलेक्ट्रेट में सभी अतिथियों ने अपने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि निष्पक्ष एवं भर्ती प्रक्रिया के लिए प्रतिबद्ध है, किसी भी युवा के साथ नौकरी के नाम पर अन्याय नहीं होगा। नोडल प्रिंसिपल आई टी आई ने कहा कि उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा प्रदेश के विभिन्न व्यवसाय के लिए 1,510 अनुदेशकों का चयन हुआ है, जिनमें जनपद को 10 अनुदेशक मिले हैं, जिनमें 4 आई टी आई तालबेहट, 4 आई टी आई महरौनी और 2 आई टी आई ललितपुर में नियुक्त किए जाएंगे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी व नवनियुक्त अनुदेशकों उपस्थित रहे।

### दशलक्षण पर्व, क्षमा सक्रिय प्रेम होने के कारण मानवता का आभूषण

## दैनिक जीवन में भूलचूक का वैज्ञानिक अनुशीलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

दशलक्षण पर्व के समापन पर क्षमावाणी पर आयोजित एक परिचर्चा को संबोधित करते हुए नेहरू महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रो. भगवत नारायण शर्मा ने कहा कि स्वर्णकार सोने की जांच करने के लिए ऐसिड टेस्ट का प्रयोग करते हैं कि सोना असली है या नकली । क्षमा के लिए भी एक ऐसिड टेस्ट है ।

यदि कोई हमें यह सूचना दे कि अमुक व्यक्ति हमें चूना लगाने जा रहा है या छल करने जा रहा है तो हम सुनकर उसके प्रति कुढ़ जाते है तो यह जान लेना चाहिए कि नफ़रत की जड़ें हमारे अवचेतन मन में हैं । यदि हमने उसको तत्काल क्षमा कर दिया था तो काफी समय बीत जाने पर हमारे मन में उसका आघात या डंक महसूस नहीं होना चाहिए था ।

यही ऐसिड टेस्ट है । ईश्वर या जीवन व्यक्तियों में भेद नहीं करता है । वह सद्भाव ,सेहत , खुशी और शान्ति के सिद्धान्तों का हमसे पालन करवाना चाहता है ।ईश्वर या जीवन हमें सजा नहीं देता है या हमारी कभी निन्दा नहीं करता है । कोई भी चीज अच्छी या बुरी नहीं है , इंसान की सोच उसे ऐसा बना देती है । किसी ने यदि हमारे बारे में झूठ बोला है , बहुत बुराई की है जिसके कारण हमारे विचार उसके प्रति नकारात्मक हैं तो ऐसे निन्दक को संत कबीर की तरह हमें अपने घर के आँगन में उसे रखने के लिए एक कुटी अपना पैसा खर्च करके बनवा देना चाहिए ताकि अपने स्वभाव को निर्मल बनाने के लिए हमारा पानी और साबुन का खर्च बच जाये। अवचेतन मन के महान विद्वानों का कहना है कि हमारे शरीर के भीतर एक बैंक निगेटिव है और दूसरा पॉजीटिव । यदि खर्च करते करते नकारात्मक बैंक का बेलेन्स शून्य हो जाये और सकारात्मक बैंक लबालब भर जाये तो मनुष्य से कभी भूलचूक होगी ही नहीं क्योंकि विकासोन्मुख मनुष्य से बढ़कर धरती पर और कोई नहीं ।

### बुंदेलखंड विकास सेना का आरोप

## शराब की आपूर्ति सुनिश्चित, खाद की आपूर्ति अनिश्चित

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



विकास सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू के नेतृत्व में बुंदेलखंड विकास सेना के कार्यकर्ताओं ने खाद की किल्लत और कालाबाजारी के विरोध में कंपनी बाग में मानव श्रंखला बना कर विरोध जताया। इस मौके पर ललितपुर समेत पूरे प्रदेश में खाद की कमी और अन्नदाता किसानों में मचे हाहाकार को लेकर गहरी चिंता और रोष व्यक्त किया गया। इस दौरान जिला प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू ने कहा कि पूरे प्रदेश में शराब की आपूर्ति तो पूरी तरह सुनिश्चित चल रही है परन्तु अन्नदाता किसानों की खाद की आपूर्ति पूरी तरह से अनिश्चित चल रही है। अन्नदाता किसानों में खाद को लेकर हाहाकार मचा हुआ है।किसानों को घंटों लाइन में लगने के बाद भी खाद नहीं मिल रही है। जमाखोर जमकर कालाबाजारी कर रहे हैं तथा जिम्मेदार अधिकारी अपनी आंखें मूंदे हुए हैं। उन्होंने कहा कि हमारा ललितपुर उ. प्र. का सबसे पिछड़ा और संसाधन विहीन जिला है। यहाँ की आजीविका का मुख्य साधन कृषि और कृषि पर आधारित व्यवसाय है। उन्होंने ज्ञापन में कहा कि पिछले दो माह से हो रही अनवरत मूसलाधार बारिश के कारण लगभग 75 फीसदी किसानों ने खरीफ की बुआई नहीं कर पायी तथा जिन 25 फीसदी किसानों के किसी तरह बुआई कर भी ली तो उनकी फसल अनवरत हो रही मूसलाधार बारिश से पूरी तरह नष्ट हो चुकी है। उन्होंने कहा कि किसानों को उम्मीद की किरण अब आने वाली रबी की फसल पर नजर आ रही है इसलिए वो अभी से खाद बीज के इंतजाम में लग गये हैं। परन्तु खाद के नाम पर अन्नदाता किसानों को निराशा मिल रही है। सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू ने कहा कि जिलाधिकारी महोदय संज्ञान में लेकर खाद की आपूर्ति शीघ्र ही सुनिश्चित करायें अन्यथा की स्थिति में बु. वि. सेना उग्र आंदोलन छेड़ने को विवश हो जायेगी इस मौके पर बुन्देलखण्ड विकास सेना के वरिष्ठ सदस्य राजमल बरया, महेन्द्र अग्निहोत्री, जिला कमांडेन्ट सुधेश नायक, कदीर खां, हनुमत हलवाई ,नंदराम सोनी , पवन शर्मा , अमरसिंह बुन्देला , पुष्पेन्द्र सिंह , लालचंद रजक, श्रीराम मौजूद रहे।

## वलिनी मिल्क एरिया मैनेजर ने दूध कंपनी के कर्मचारी पर लगाया करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

कोतवाली क्षेत्र में विवेक कुमार सिंह नामक एरिया मैनेजर ने बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड झांसी में कार्यरत अपने कर्मचारी ललित कुमार चौधरी के खिलाफ चोरी और धोखाधड़ी के गंभीर आरोप लगाए हैं। विवेक कुमार सिंह ने थाना कोतवाली ललितपुर में एफआईआर 6 सितंबर को दर्ज कराई, जिसमें करोड़ों के पशु आहार, घी और अन्य महत्वपूर्ण कंपनी सामान की गबन की बात कही गई है। आरोप है कि ललित कुमार चौधरी कंपनी में एरिया ऑफिसर रहते हुए वर्ष 2022 से लगातार कंपनी की संपत्ति—पशु आहार, नकद भुगतान, घी, कंसीयम आदि का अवैध तरीके से गबन कर रहा था। कंपनी के नियमों और भरोसे का उल्लंघन करते हुए आरोपी ने इन सामानों की बिक्री का भुगतान कंपनी खाते में जमा नहीं किया। आरोपी ने जांच के दौरान 1 अगस्त 2025 को लिखित स्वीकारोक्ति पत्र भी दिया, जिसमें जानबूझकर योजना बनाकर कई महीनों तक अनियमितताएं करने की बात स्वीकार की गई। कंपनी को इस गबन की वजह से अनुमानित 6-8 लाख रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। विवेक कुमार सिंह की तहरीर पर पुलिस ने गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है, जिनमें भारतीय न्याय संहिता की धारा 316(4) के तहत जांच की जिम्मेदारी उपनिरीक्षक विश्वदीप सिंह को सौंपी गई है। शिकायतकर्ता को रिपोर्ट की कॉपी उपलब्ध कराई गई।

## ललितपुर जिले को किया जाए आपदा घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

किसान कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश सचिव बलवंत सिंह राजपूत के मुख्य आतिथ्य व किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष जगभान सिंह बुंदेला के नेतृत्व में जिले में भारी बारिश के कारण खरीफ की सभी फसलों के नुकसान की भरपाई एवं पर्याप्त डीएपी खाद उपलब्ध कराये जाने को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। ज्ञापन में कांग्रेसियो द्वारा मुख्यमंत्री से मांग की गई कि ललितपुर में भारी बारिश और जलभराव से किसानों की खरीफ की उर्द, मूंग, मूंगफली, सोयाबीन आदि फसलें पूरी तरह चौपट हो चुकी है, जिससे किसानों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। अब किसानों को रवि की फसल की जुताई व बुवाई के लिए कोई उपाय नहीं है। साथ ही किसानों को डीएपी खाद भी नहीं मिल पा रहा है, जिससे किसान यहां वहां भटकने को मजबूर हैं। किसानों की फसलें लगातार कई वर्षों से कभी सूखा कभी अधिक बारिश, अतिवृष्टि कभी ओलावृष्टि से लगतार फसलें चौपट होती आ रही हैं। पिछले कई वर्षों से किसानों को ना तो अपनी रबी की फसल का ना तो मुआवजा मिला और नाही बीमा मिला। बीमा कंपनियां किसानों का प्रीमियम तो काट लेती हैं, लेकिन कभी भी किसानों को बीमा का लाभ नहीं मिला और ना ही कोई मुआवजा दिया गया। कांग्रेसियो ने मुख्यमंत्री से सम्पूर्ण ललितपुर जिले को आपदा घोषित करने और किसानों की नष्ट फसलों का उचित मुआवजा व बीमा दिलाए जाने एवं पर्याप्त मात्रा में उचित रेट पर डीएपी खाद उपलब्ध कराये जाने की मांग की जिससे किसानों का भरण पोषण सुचारू रूप से हो सके।

### ग्रामीणों में दहशत फैली

## तेंदुआ के हमले से चारवाहा ने गोवंश को बचाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



मदनपुर वन बीट में शनिवार को तेंदुए के हमले से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। ग्राम भौंती निवासी चरवाहा इमरत सिंह मवेशी चरा रहे थे। इस दौरान झाड़ियों से अचानक एक तेंदुआ निकल आया और पीछे से एक बछड़े का गला दबोच लिया। तेंदुआ बछड़े को घसीटकर ले जाने की कोशिश करने लगा। बछड़े की चीख-पुकार सुनकर चरवाहा इमरत सिंह ने हिम्मत दिखाई।

उन्होंने पहले कुल्हाड़ी से तेंदुए को डराने की कोशिश की, लेकिन जब वह नहीं भागा तो पत्थरों से हमला किया। इस पर तेंदुआ बछड़े को छोड़कर जंगल की ओर भाग गया। शोर सुनकर अन्य चरवाहे भी मौके पर पहुंच गए। सभी ने घायल बछड़े को गांव पहुंचाकर पशु चिकित्सक से इलाज कराया। बछड़े के गले पर तेंदुए के दांतों से गहरे घाव पाए गए।

गौरतलब है कि इसी जंगल में जून माह में भी एक घायल तेंदुआ मिला था, जिसे वन विभाग की टीम ने 15 घंटे चले रेस्क्यू अभियान के बाद पकड़ा था और इलाज के लिए लॉयन सफारी इटावा भेजा गया था। वन क्षेत्राधिकारी मड़ावरा अशोक कुमार यादव ने बताया कि मड़ावरा और आसपास के जंगलों में तेंदुए, बाघ और भालू जैसे खतरनाक जंगली जानवर मौजूद हैं। कुछ महीने पहले धौरीसागर के जंगल में लगाए गए ट्रैप कैमरों में ये जानवर कैद भी हुए थे।

### सेवा पखवाड़ा अभियान में भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्यशाला आयोजित

## 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक कार्यक्रम किए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



ललितपुर -भारतीय जनता पार्टी के उच्च नेतृत्व के निर्देश पर चल रहे सेवा पखवाड़ा अभियान के अन्तर्गत आज जिला कार्यालय पर सेवा पखवाड़ा अभियान जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि एवं मुख्य बक्ता के रुप में कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री रामकिशोर साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने की एवं संचालन महिला मोर्चा की जिला महामंत्री कार्यक्रम सहसंयोजक रुचिका बुन्देला ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत में जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए कहा कि प्रदेश कार्यशाला के बाद आज जिले में सेवा पखवाड़ा कार्यशाला आयोजित की गई है ।इसी तरह आगे यह मण्डल स्तर पर आयोजित कीं जायेंगी ।इस के अन्तर्गत दिनांक सत्रह सितम्बर से दो अक्तूबर तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों के आयोजन हेतु विभिन्न कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम का संयोजक एवं जिला संयोजक मनोनीत किया गया हैं। उन्तीस अगस्त से सांसद खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। मंडल कार्यशालाओं में मुख्य वक्ता के रुप में जिले के बरिष्ठ पदाधिकारियों के अलावा वरिष्ठ नेता जायेंगे।इसके अलावा मण्डल स्तर पर एक संयोजक दो सहसंयोजक मनोनीत किए गए हैं। इसमें सेवा सम्बंधित कार्य जैसे रक्तदान, स्वच्छता कार्य,एक पेड़ मां के नाम आदि प्रमुख रूप से किये जायेंगे। इस अवसर पर मुख्य वक्ता एवं मुख्य अतिथि रामकिशोर साहू ने इस कार्यक्रम के वारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि हम सब के मन में अक्सर यह सवाल उठता है कि हम राजनैतिक दल होकर विभिन्न सामाजिक सेवा का कार्य क्यो करते हैं इसके उत्तर में हमें उन विकसित राज्यों की ओर देखना होगा जिनके राजनीतिक दलों ने विभिन्न सेवाओं के माध्यम से अपने कार्यकर्ताओं से समाज से जुड़ कर राष्ट्रीय भाव पैदा करने का काम किया और जब हर व्यक्ति राष्ट्रवाद को अंगीकृत करेगा तो देश की सेवा उसकी प्राथमिकता भाव में होगा और देश आगे बढ़ने का काम करेगा । उन्होंने कहा कि हर विकसित राष्ट्र ने आगे बढ़ने से पहले स्वच्छता,समानता,महिला सशक्तीकरण, सर्वशिक्षा अभियान का काम किया और आज जाकर वे विकसित राष्ट्र वने ।हमारी यात्रा दो हजार चौदह से जो मा मोदी जी के नेतृत्व इसी ध्येय को लेकर आगे बढ़ रही है उससे हम विश्व के ताकतवर देशों की श्रेणी में आते जा रहे हैं।आज हम इस यात्रा में विश्व की चौथी अर्थ व्यवस्था के पायेदान पर खड़े हैं आज समाज का सोच भी हम लोगों के प्रति काफी आशान्वित हुई है । उन्होंने जनप्रतिनिधियों से कहा कि सबसे पहले उन कार्यकर्ताओं को सम्पर्क कर महत्वता दो जिनकी वजह से आप यहां तक पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता की परिवार भाव से चिंता करें। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी के जीवन मूल्यों को प्रदर्शन करने के लिए इस आयोजन को सर्वस्पर्शी बनाने का रुप दिया गया है जिसके माध्यम से हम समाज के हर वर्ग से पन्द्रह दिनों तक नित नये कार्यक्रम के माध्यम से सेवा पखवाड़ा में समाज सेवा का कार्य करेंगे। समाज की अन्तिम सीढ़ी तक खड़े व्यक्ति के हृदय में जगा राष्ट्र भाव ही हमें ताकतवर राष्ट्र के रूप में खड़ा करेगा । इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत, श्रम सेवा राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ उर्फ मन्नू कोरी,सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड, कार्यक्रम के जिला संयोजक महेश श्रीवास्तव भैया,जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन,बुन्देलखण्ड विकास बोर्ड के सदस्य प्रदीप चौबे,पूर्व अध्यक्ष गण हरीराम निरंजन मौजूद रहे।

### तीन भगवानों का किया मस्तकाभिषेक, सामूहिक ध्यान व आध्यात्मिक यात्रा भाव से हुई वंदना

# भक्ति भाव से निर्वाण लाडू चढ़ाकर मनाया 12वें तीर्थंकर का मोक्ष कल्याणक महोत्सव





हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

जैन धर्म पर्वाधिराज पर्युषण पर्व दसलक्षण धर्म के दसवें उत्तम ब्रह्मचर्य दिवस एवं बारहवे तीर्थंकर 1008 श्री वासुपुज्य भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव के दिन ब्यावरा दिगंबर जैन समाज अध्यक्ष राजीव जैन ने बताया कि इस सुअवसर पर तीन भगवानों का मस्तकाभिषेक किया गया। 12वें तीर्थंकर 1008 श्री वासुपूज्य भगवान का सौधर्म इंद्र बन भगवान अभिषेक, शांति धारा, आरती एवं निर्माण लाडु चढ़ाने का सौभाग्य दीप कमल शर्मा, डॉ नमिता जैन, अग्रिया, अग्रज और परिवार को प्राप्त हुआ। साथ ही 1008 श्री आदिनाथ भगवान के महामस्तक अभिषेक एवं शांतिधारा सौभाग्य महेंद्र जैन एवं पीयूष जैन सपरिवार को प्राप्त हुआ एवं नित्य पूजित मूल नायक भगवान 1008 श्री पार्श्वनाथ भगवान का अभिषेक और शांतिधारा का सौभाग्य कांतादेवी गोधा, राजेश जैन, राजीव, प्रणव, प्रशांत, दिव्य जैन सुषमा जैन, डिम्पल जैन अदिति जैन जैन सपरिवार को मिला।

ब्रह्मचारी भैया श्री भागचंद बड़ा मल्हारा द्वारा अतिशाकारी मंत्रोच्चार द्वारा अभिषेक शांत धारा के बाद भगवान के मोक्ष कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष्य में सामूहिक ध्यान और भगवान की निर्वाण भूमि श्री चम्पापुर झारखंड की आध्यात्मिक यात्रा भाव वंदना करवाई।

### दोपहर में नगर में निकाली गई श्रीजी की जल यात्रा

दस लक्षणधर्म के उत्तम आकिंचनधर्म के नवमे दिवस ब्रह्मचारी भैय्या जी द्वारा रात्रि में शास्त्र प्रचालन की हाकिचन का शाब्दिक अर्थ 'किंचित मात्र भी मेरा नहीं है' होता है। भैय्या ने बताया कि दसधर्मों का सार उत्तम आकिंचनधर्म धर्म है। जब व्यक्ति मैं के अहंकार से दूर होकर एकत्व भावना भाता हुआ संपूर्ण सांसारिक बंधनों से मुक्त हो कर शरीर और आत्मा के भेद को भी पहचान लेता है। और यह श्रद्धान कर लेता है कि मैं यह शरीर नहीं हूँ मात्र जीव आत्मा हूँ तब आत्मा में उत्तम आकिंचन धर्म उत्पन्न हो जाता है और आत्मा ब्रह्मचर्य की ओर अग्रसर होते हुए सम्यक्त दर्शन ज्ञान चारित्र को धारण कर मोक्ष मार्ग पर बढ़ जाता है जो आकिंचन धर्म को धारण करती है वही भव्यात्मा परम शुक्ल ध्यान में लीन हो केवल ज्ञान को पाकर मोक्ष को प्राप्त करती है। मंदिर में वरिष्ठ गणों में राजेन्द्र कुमार जैन, विजय कुमार जैन, महा मंत्री विनय कुमार जैन, शिखर चंद मित्तल, नरेन्द्र कुमार मित्तल, रमेश चंद्र मित्तल, रविंद्र जैन, सचिन जैन, मनीष जैन, प्रमित जैन, ऋषभ जैन, मयंक जैन, अंकित जैन, महिलाओं में मनीषा जैन, रत्नमणि, मुक्ता जैन, शोभा जैन, मीना जैन, डिम्पल जैन नीरु जैन अनीता जैन एकता जैन, राखी जैन सहित सभी महिला एवं पुरुष एवं बच्चे उपस्थित रहे।

### मंत्री टेटवाल के जन्मदिवस पर मिली सौगात

## मिशन त्रिनेत्रम के अंतर्गत सारंगपुर में 111 सीसीटीवी कैमरे किए स्थापित



हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

राज्य मंत्री गौतम टेटवाल के जन्मदिवस के अवसर पर शुक्रवार को थाना सारंगपुर में मिशन त्रिनेत्रम के तहत अत्याधुनिक सीसीटीवी सर्विलांस सिस्टम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर राजगढ़ कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा,पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी, एसडीएम रोहित बम्होरे, एसडीओपी अरविंद सिंह थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा, सीएमओ ज्योति सुनेरे सारंगपुर आदि मौजूद उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि सारंगपुर शहर में कुल 111 सीसीटीवी कैमरे 36 स्थानों पर स्थापित किए गए हैं। प्रत्येक कैमरा 8 मेगापिक्सल क्षमता का है और वैरिफोकल एवं पीटीजेड तकनीक से सुसज्जित है। इन कैमरों में एआई आधारित स्मार्ट टेक्नोलॉजी भी उपलब्ध है, जिससे किसी भी वाहन का नंबर प्लेट आसानी से पढ़ा जा सकेगा। इस अत्याधुनिक निगरानी प्रणाली से अपराधों की जांच में आसानी होगी, यातायात प्रबंधन को सुचारु बनाया जा सकेगा तथा शहर की स्वच्छता व्यवस्था को भी अधिक प्रभावी रूप से लागू किया जा सकेगा।

इस अवसर पर मंत्री गौतम टेटवाल ने कहा कि यह आधुनिक निगरानी तंत्र सारंगपुर की जनता के लिए उनका जन्मदिवस उपहार है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस प्रणाली से सारंगपुर को और अधिक सुरक्षित तथा व्यवस्थित शहर के रूप में विकसित करने में मदद मिलेगी।

### सामुदायिक भवन निर्माण स्थल से लोहे की प्लेट और केबल चोरी

**नरसिंहगढ़।** सरकारी सामुदायिक भवन निर्माण स्थल से लोहे के प्लेट और केबल चोरी होने का मामला सामने आया है। निर्माणकर्ता ठेकेदार विभोर वर्मा ने थाना प्रभारी को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। ठेकेदार ने बताया कि निर्माण कार्य स्थल पर कालम के बास्कट की लोहे की दस प्लेट और 200 फीट लंबी ट्यूबवेल की केबल रखी हुई थी। जिसे बीती रात्रि किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया है। चोरी हुए सामान की कीमत लगभग 45 हजार रुपये आंकी गई है। संबंधित ने मामले में उचित कार्यवाही की मांग की है।

कई तरह के कैमिकल मिलाकर बनाई जाती है कच्ची शराब

## छिपाकर बेची जा रही अवैध कच्ची शराब को विभाग ने किया जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

कैमिकल सहित शरीर के लिए हानिकारक कई तरह के पदार्थों को मिलाकर बनाई जाने वाली कच्ची शराब के अवैध कारोबार पर पूरी तरह नकेल नहीं कस पा रही है। लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाली कारोबारी शहरी सहित ग्रामीण अंचलों में विभिन्न स्थानों पर छिपाकर एवं विभाग की आंख बचाकर कच्ची शराब बेचने के काम में लगे हैं।

अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने पुलिस सहित आबकारी विभाग द्वारा भी समय-समय पर कार्यवाहियां की जा रही हैं। इसी कड़ी में गत दिवस विभाग की टीम ने खिलचीपुर क्षेत्र के बघेला, सालरी, रुघनाथपुरा, सोमवारिया क्षेत्रों में गश्त के दौरान संदिग्ध स्थानों पर दबिश दी। इस दौरान अवैध शराब कारोबारियों द्वारा कहीं गड्डों में तो कहीं बड़ी थैलियों में छिपाकर कच्ची शराब बेचते पाई गई। सभी स्थानों से टीम ने कुल 60 लीटर कच्ची शराब जब्त की है। इसके साथ ही कुछ स्थानों से देशी शराब भी बरामद की गई। विभाग ने तीन प्रकरण दर्ज कर पूरा माल जब्ती में लिया है। जिला आबकारी अधिकारी रितेश लाल के निर्देशन में हुई उक्त कार्यवाही के दौरान राजगढ़ वृत्त प्रभारी संदीप लोहानी, सारंगपुर वृत्त प्रभारी सौरभ कनासे, उप-निरीक्षक दीपक राजपूत, अर्चना भंवारे, मोहन सिंह, गौरीशंकर विजयवर्गीय सहित अन्य उपस्थित रहे।

### आस्था के साथ गणेश विसर्जन संपन्न

**नरसिंहगढ़।** दस दिवसीय गणेशोत्सव का शनिवार को अनंत चतुर्दशी के अवसर पर समापन हुआ। श्रद्धा और उल्लास के साथ नागरिकों ने गणेश विसर्जन किया। सुबह से ही शुभ मुहूर्त में जगह-जगह से गणेश प्रतिमाओं की शोभायात्राएँ निकाली गईं। ढोल-ढमाकों, वश्र की धुनों और जयकारों के बीच श्रद्धालु गणपति बप्पा को विदा कर रहे थे। मुख्य रूप से बड़ा तालाब और छोटा तालाब ओर बांडा बेदरा तालाब पर विसर्जन की व्यवस्थाएँ की गई थीं। प्रशासन और नगर पालिका ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए। गोताखोरों व पुलिस बल की तैनाती के साथ ही स्वास्थ्य व सफाई दल मौजूद रहे। पूरे नगर में भक्ति और उत्साह का माहौल रहा। गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ के नारों के साथ भक्तों ने विघ्नहर्ता को भावपूर्ण विदाई दी।

### वन स्टॉप सेंटर द्वारा किया गया आयोजन

## गणेश पंडालों में दी महिलाओं व बच्चों के अधिकारों की जानकारी




**राजगढ़।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 2 सितंबर से 12 सितंबर तक दस दिवसीय 'हब फॉर एमपावरमेंट फॉर वूमेन' अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में विभाग की वन स्टॉप सेंटर ईकाई द्वारा विभिन्न गणेश पांडालों में पहुंचकर महिला हिंसा सहित बच्चों के अधिकारों आदि के बारे में उपस्थितजनों को जानकारी प्रदान की गई।

वन स्टॉप सेंटर प्रशासिका रश्मि चैहान के निर्देशन में केस वर्कर गुंजा सक्सेना व टीम द्वारा कालाखेत में बड़ा हनुमान मंदिर, पुरानी कोतवाली के पास, राजमहल गणेश पांडाल, ड्योढ़ी शाला गणेश पांडालों में पहुंचकर महिलाओं को आपातकालीन नंबर 112, महिला हेल्प लाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 एवं सायबर क्राइम सुरक्षा संबंधी हेल्पलाइन नंबर 1930 इत्यादि के संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए इनका लाभ लेने का आगृह आमजनों से किया गया। इस दौरान प्रशासिका श्रीमती चौहान द्वारा जेंडर संवेदीकरण पर विस्तृत चर्चा करते हुए लिंग समानता के बारे में जानकारी देते हुए लिंग आधारित भेदभाव समाप्त करने का आगृह सभी से किया। उन्होंने कहा कि आपात स्थिति में महिलाओं, बालिकाओं, बच्चों का सभी को सहयोग करना चाहिए।

## धूमधाम से विसर्जन हुए गणपति बप्पा सारंगपुर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़




**सारंगपुर।** गणेश उत्सव के समापन अवसर पर शनिवार को नगर में गणपति बप्पा का विसर्जन धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ किया गया। नगर की विभिन्न गणेश मंडलियों एवं घर-घर से निकली शोभायात्राओं में श्रद्धालु झूमते-गाते, ढोल-ढमाकों और बैंड-बाजों की थाप पर गणपति बप्पा मोरया के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। नगर के प्रमुख मार्गों से होकर विसर्जन यात्रा निकाली गई। जगह-जगह गणेश प्रतिमाओं की आरती कर श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा की। महिलाओं और बच्चों ने भी पारंपरिक परिधानों में भाग लेकर उत्सव का आनंद लिया। स्थानीय प्रशासन द्वारा सुरक्षा व व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। विसर्जन के लिए नगर परिषद द्वारा बनाए गए विशेष कुण्ड पर प्रतिमाओं का विधिवत विसर्जन किया गया। गणपति बप्पा के जयकारों से देर रात तक सारंगपुर का वातावरण भक्तिमय बना रहा।

## 18 वर्षीय युवक की नदी में डूबने से मौत



**नरसिंहगढ़।** शनिवार दोपहर एक हादसे में 18 वर्षीय युवक की नदी में डूबने से मौत हो गई। घटना ग्राम सांका जागीर (श्याम जी) की है। जानकारी के अनुसार ग्राम बरेला खेड़ा तहसील बैरसिया निवासी युवक जगदीश गुर्जर पिता चन्दर सिंह गुर्जर, उम्र 18 वर्ष अपने मामा हेमराज गुर्जर के यहां आया हुआ था। शनिवार दोपहर वह मंदिर के समीप बने ब्रिज के नीचे नदी में उतरा था, इसी दौरान गहरे पानी में जाने से उसकी डूबकर मौत हो गई। सूचना मिलते ही एसडीओपी और तहसीलदार मौके पर पहुंचे। शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल नरसिंहगढ़ भेजा गया। जहां पीएम उपरान्त शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है।

## विदिशा स्टेशन पर तबीयत बिगड़ी आजमगढ़ एक्सप्रेस में यात्री की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

मुंबई से आजमगढ़ जा रही आजमगढ़ एक्सप्रेस में एक यात्री की मौत हो गई। मृतक की पहचान बेगमपुर, उत्तरप्रदेश निवासी 35 वर्षीय रशीद अहमद के रूप में हुई है। शुक्रवार को जब ट्रेन विदिशा स्टेशन पहुंची, तब यात्री की तबीयत बिगड़ने की सूचना मिली। विदिशा जीआरपी थाना प्रभारी महेंद्र शाक्य के नेतृत्व में पुलिस टीम तुरंत प्लेटफॉर्म नंबर 2 पर पहुंची। रशीद को बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के आधार कार्ड से पहचान कर परिजनों को सूचित कर दिया है।

## राज्यमंत्री टेटवाल के प्रयास से जनपद सारंगपुर को नवीन भवन की सौगात




हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

क्षेत्रवासियों के लिए खुशखबरी है। मध्यप्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा सारंगपुर जनपद पंचायत को नया भवन निर्माण की स्वीकृति मिल गई है। राज्य मंत्री गौतम टेटवाल के प्रयासों से लंबे समय से प्रतीक्षित जनपद पंचायत भवन के निर्माण हेतु शासन ने 525.67 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की है। जारी आदेशानुसार नवीन भवन का निर्माण ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग की देखरेख में होगा। यह कार्य तकनीकी मानकों और निर्धारित समयसीमा में पूर्ण किया जाएगा। निर्माण हेतु आवश्यक भूमि उपलब्ध कराई जाएगी और कार्य स्थल का चयन शासन की सहमति से किया जाएगा। निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए विभागीय अधिकारियों की नियमित निगरानी रहेगी। आदेश के अनुसार कार्य 2026 तक पूर्ण किया जाना अनिवार्य है। इस स्वीकृति से सारंगपुर जनपद पंचायत को आधुनिक भवन की सौगात मिलने जा रही है, जिससे स्थानीय जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और ग्रामीण जनता को बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी। क्षेत्र में खुशी का माहौल है और सभी ने इसके लिए राज्य मंत्री गौतम टेटवाल का आभार व्यक्त किया है।

### अस्पताल में जिला स्तरीय कैंप 8 को

**विदिशा।** विश्व फिजियोथैरेपी दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय में 8 सितंबर सोमवार को जिला स्तरीय कैंप का आयोजन किया जाएगा। यह कैंप राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा संचालित वृद्धजन स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम के अंतर्गत किया जाएगा। जिसमें 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों की स्क्रीनिंग उपचार एवं परामर्श चिकित्सा विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं फिजियोथैरेपी विशेषज्ञ द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर निशुल्क आभा आईडी बनाई जाएगी एवं फल वितरण किया जाएगा। जिला चिकित्सालय विदिशा में पदस्थ फिजियोथेरेपिस्ट डॉ राहुल मारोथिया एवं डॉ प्रियंका सिंह द्वारा मांसपेशियों एवं नर्व संबंधित समस्याओं का निराकरण फिजियोथैरेपी द्वारा किया जाएगा।

### पहले आओ पहले पाओ प्रक्रिया द्वारा सीधे प्रवेश

**विदिशा।** शासकीय आईटीआई विदिशा में पहले आओ पहले पाओ चरण मे सीधे प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ है। जिसमें प्रवेश की अंतिम तिथि 10 सितंबर है। शासकीय आईटीआई विदिशा में फिटर ट्रेड में 2 सीट (आईएमसघ), टर्नर ट्रेड में 12 सीट, कारपेंटर ट्रेड में 17 सीटें शेष बची हैं। आईटीआई में प्रवेश का यह अंतिम मौका है।

### नहीं आएगी कमी, जिले को 886 मैट्रिक टन डीएपी मिला

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के प्रयासों से जिले के किसानों को आवश्यकता के अनुसार खाद की आपूर्ति सुनिश्चित कराई जा रही है। जिला विपणन अधिकारी राखी रघुवंशी ने बताया कि एनएफएल डीएपी की एक रैंक प्राप्त हुई है। जिससे जिले को 886 मैट्रिक टन रासायनिक उर्वरक प्राप्त हुआ है। जिसका वितरण शासन की सतत निगरानी में किया जा रहा है तथा इसी प्रकार जिले में लगातार रैक लगने से उर्वरकों की पर्याप्त मात्रा प्राप्त हो रही है।

## सेवानिवृत शिक्षक-शिक्षिकाओं का सम्मान समारोह आयोजित




हरिभूमि न्यूज ▶▶जीरापुर

शिक्षक दिवस के अवसर पर एडवांस्ड किड्स एकेडमी में लगातार सातवें वर्ष के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय समस्त सेवानिवृत शिक्षक शिक्षिकाओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के मार्गदर्शक त्रिलोकचंद गुप्ता, विशिष्ट अतिथि विकासखंड शिक्षाधिकारी रामबाबू पाटीदार, ब्लॉक समन्वयक गजेंद्र शर्मा, संकुल प्राचार्य विनोद चौधरी, वरिष्ठ मोहनसिंह जमींदार, वरिष्ठ सेवानिवृत्त शिक्षक भैरवलाल गुप्ता, रामचंद्र वर्मा, भाजपा मण्डल अध्यक्ष लखन तोमर, सेवानिवृत्त प्रोफेसर रामबाबू गुप्ता भानपुरा, पेंशनर संघ महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्ष ज्योत्सना दांगी ने की। कार्यक्रम में विद्यालय के संगीत शिक्षक आलोक शर्मा व नृत्य शिक्षक अजय नागर के मार्गदर्शन में विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों ने बहुत ही सुंदर समूह गान व नृत्य की प्रस्तुति दी।

पेंशनर्स संघ अध्यक्ष मोहनलाल पुष्पद,संचालन सहयोगी शिक्षिका आराधना शर्मा, संचालन दिनेश जमींदार ने करते हुए बताया कि यह आयोजन विगत सात वर्षों से करके हम कृतार्थ है लगभग सभी सेवानिवृत्त शिक्षकों को उपहार भेंट करके विधालय परिवार धन्य हो रहा है यह सौभाग्य है कि गुरूओं का आशीर्वाद प्राप्त हुआ।

यात्रा की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

## 28 सितंबर को जालपा धाम तक निकलेगी 1111 मीटर की चुनरी यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

हिन्दू चेतना मंच एवं विश्व हिन्दू परिषद के तत्वावधान में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी क्षेत्र के प्रसिद्ध शक्तिपीठ जालपा माता धाम तक 1111 मीटर चुनरी यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस साल यह यात्रा नवरात्रि के दौरान रविवार 28 सितंबर को निकाले जाने का निर्णय लिया गया है। यात्रा की तैयारियों को लेकर आयोजकों द्वारा गत दिवस बैठक का आयोजन किया गया। हिन्दू चेतना मंच अध्यक्ष बृजमोहन सरावत ने बताया कि चुनरी यात्रा सुबह 11 बजे राजगढ़ परिसर से पूजा-अर्चना उपरान्त आरंभ होगी। यात्रा में शामिल श्रृद्धालुओं की सुविधा के लिए राजगढ़ से मैया के दरबार तक संपूर्ण यात्रा मार्ग में कारपेट बिछवाने की व्यवस्था भी करवाई जा रही है। यात्रा से जुड़े विभिन्न कार्यों हेतु बैठक में समिति सदस्यों को अलग-अलग दायित्व भी सौंपे गए। इसके साथ ही सभी से कहा गया कि यात्रा का प्रचार-प्रसार अभी से आरंभ किया जाए ताकि आधिकाधिक श्रद्धालु इस पुनीत कार्य में सहभागी बन सकें।

### हजारों श्रद्धालु होंगे यात्रा में शामिल

उल्लेखनीय है कि समिति द्वारा निकाली जाने वाली उक्त यात्रा में राजगढ़ नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के सैकड़ों लोग शामिल होकर माता की चुनरी अपने हाथों से थामकर माता के दरबार तक पहुंचते हैं। इस वर्ष भी इस यात्रा में हजारों श्रृद्धालु सम्मिलित होकर माता का आर्शिवाद प्राप्त करेंगे। आयोजित बैठक में विश्व हिन्दू परिषद अध्यक्ष तेजेंद्र उपाध्याय, मयंक जायसवाल, बृजकिशोर अनंत, दिलीप सौलंकी, चेतराम गुर्जर, संतोष राणा, प्रकाश तंवर, घोटू शर्मा, अक्षत दुबे, हेमराज तंवर, मनमोहन प्रजापति सहित अन्य उपस्थित थे।

## शिक्षक दिवस की गाथा गड़ने का जज्बा शिष्यों के साथ-साथ इष्ट मित्रों ने भी निभाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶छापीहेड़ा

गुरु की गाथा सार्थक रूप से शिष्य समझता है परंतु जो मुकाम गुरु की पदवी का होता है उसकी परिभाषा परंपरागत रूप से शिष्य ही समझता है। संस्कृत में गुरु के लिए चेला शब्द श्रद्धेय शब्द है जो छात्र के लिए होता है जो हर मुकाम पर सेवा के रूप में सरोकार रहता है। गुरु एक अपनी जीवन शैली में परामर्शदाता के रूप में सेवा करता है सार्थक रूप से शिष्य के जीवन मूल्यों को सही दिशाओं में ढालने में पालक की तरह मदद करता है अनुभवात्मक ज्ञान को बड़ी सरलता के साथ उतना ही साझा करता है जितना कि शाब्दिक ज्ञान जीवन में एक अनुकरणीय बनकर हर एक पायदान पर प्रेरणादायक स्रोत बनकर जीवन जीने की राह में उभरता है और जो



एक छात्र के आध्यात्मिक विकास में सार्थक रूप से काम आता है आज रिटायर्ड शिक्षक महेश गुप्ता शिक्षक राजेंद्र सिंह चौहान सुनील टॉक सुरेश शर्मा मुकेश चौधरी, पुरुषोत्तम गुप्ता सभी ने मिलकर शिक्षक दिवस के इस पावन अवसर पर पुष्पमाला के साथ सम्मान किया। वहीं इष्ट मित्र भी एक दूसरे के लिए अनुकरणीय बनकर हर समय में काम आते हैं इसी कड़ी को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया।